दैनिक
न्याय साक्षी



## संपादकीय

# गन्ने की कड़वाहट

### बकाया भुगतान और नई फसलों के भाव बेभाव

किसानों की समस्याएं अनगिनत हैं। फसलों की बुवाई से लेकर उनकी सुरक्षा, उत्पादन, तैयार फसल के लिए समुचित बाजार की व्यवस्था और फसल बिकने के बाद मूल्य का समय से भुगतान, इन सबकी राह में रोड़े ही रोड़े हैं। साथ में दलालों से किसानों को दो-चार होना पड़ता है। गन्ना किसानों की हालत बाकी किसानों से अलग नहीं है। इन किसानों की बहुलता मुख्यतः राजनीति के गढ़ माने जाने वाले राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा और पंजाब में है जहां के राजनीतिज्ञ इन्हें वोट बैंक की तरह प्रयोग करते हैं। राज्य सरकारें गन्ना किसानों के लिए समर्थन मूल्य घोषित करती हैं जो अक्सर केंद्र सरकार द्वारा घोषित मूल्य से अधिक होता है। खरीदारों के लिए समर्थन मूल्य दे पाना वास्तव में संभव नहीं होता। पंजाब में यह विशेष तौर पर हो रहा है क्योंकि सरकार यहां की 7 बड़ी गन्ना मिलों पर कोई नियंत्रण नहीं लगा पा रही है। मिलें सरकार पर गन्ने की पिराई से पहले अपनी शर्तों पर छूट की मांग करते हुए दबाव डालती हैं और गन्ने की पिराई बंद हो जाने से किसान अपनी तैयार फसलों के लिए परेशान होते हैं। नतीजतन मिल मालिक पिछले बकाये के भुगतान में छूट की मांग करते हैं जो कि अब तक 400 करोड़ रुपये से ऊपर पहुंच चुका है।

फिर मजबूरन किसान रास्ता रोकने, धरने देने को मजबूर हो जाते हैं। प्रायः प्राइवेट गन्ना मिलें या तो किसी राजनेता की होती हैं या फिर किसी नेता से समर्थित। ऐसे में किसानों के दबाव और चीनी मिल मालिकों के अड़ियलपन से मजबूर होकर सरकार को इनकी मांगें माननी ही पड़ती हैं, जिसका दुष्प्रभाव किसानों के लाभ पर पड़ता है। भारत में किसान वैसे भी काफी गरीब हैं, जिनमें से अधिकतर कर्ज के बोझ से दबे हुए हैं। ऐसे में मिल मालिकों द्वारा उनके पिछले बकायों को रोकना नाजायज है। वह भी कोई मामूली बकाया नहीं। अगर जोड़ा जाए तो पूरे देश में लगभग 18000 करोड़ रुपये के बराबर है। केंद्र और राज्य सरकारों को हस्तक्षेप करके किसानों के पिछले बकायों का भुगतान करवाना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्य सरकारों द्वारा घोषित समर्थन मूल्य का भुगतान गन्ना किसानों को समय पर कर दिया जाए।

# जीएसटी वार्षिक रिटर्न की अंतिम तिथि 3 माह बढ़ी




नई दिल्ली। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के अनुरोध पर जीएसटी वार्षिक रिटर्न की अंतिम तिथि तीन माह बढ़ा दी गई है। कैट की ओर से इस संबंध में 6 दिसंबर को केंद्रीय वित्तमंत्री अरुण जेटली से पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया था। कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी और प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मगेलाल मालू ने बताया कि कैट की ओर से वित्तवर्ष 2017-18 के लिए जीएसटी के वार्षिक विवरणी दाखिल करने की अंतिम तिथि जो 31 दिसंबर, 2018 थी, को तीन माह बढ़ाकर 31 मार्च, 2019 कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि जीएसटी की वार्षिक विवरणी का प्रारूप व्यापारियों के लिए नया है और वे इससे पूर्णतः परिचित भी नहीं हैं। साथ ही इतने कम समय में प्रदेश और देश के व्यापारियों की ओर से रिटर्न भर पाना कठिन होगा। इसके लिए व्यापारियों को समय देते हुए इसके दाखिल करने की अंतिम तिथि तीन माह बढ़ाए जाने का अनुरोध वित्तमंत्री से किया गया।

कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि इस बीच कैट की ओर से जीएसटी विभाग के साथ मिलकर अभियान चलाया जाएगा। सेमिनार के माध्यम से व्यापारियों को इसके लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही वार्षिक विवरण पत्र दाखिल करने के लाभ के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

वार्षिक विवरणी फाइलिंग की अंतिम तिथि के पूर्व अधिक से अधिक संख्या में विवरणी फाइलिंग के लिए व्यापारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि अंतिम तिथि पर किसी तरह का दबाव जीएसटी पोर्टल पर न पड़े। सभी व्यापारी अपना रिटर्न फाइल कर लाभ ले सकें। इससे एक तरफ जहां व्यापारी अपना रिटर्न संशोधित कर सकते हैं, वहीं दूसरी ओर वे अपने इनपुट क्रेडिट का पूरा लाभ लेकर जीएसटी के बकायेदारी से भी बच सकते हैं। इस दृष्टि से जीएसटी के वार्षिक विवरण का भरा जाना प्रत्येक व्यापारी के लिए महत्वपूर्ण है। कैट की ओर से जीएसटी वार्षिक विवरणी फाइलिंग की अंतिम तिथि मार्च, 2019 तक बढ़ाए जाने पर कैट सीजी चैप्टर की ओर से वित्तमंत्री अरुण जेटली का आभार प्रकट किया गया है।

# सोने-चांदी के दामों में हुई बढ़ोतरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दोनों कीमती धातुओं में रही तेजी के बीच घरेलू बाजार में वैवाहिक मौसम के मद्देनजर बढ़ी जेवराती ग्राहकी से बीते सप्ताह दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 890 रुपये चमककर 32,350 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। इस दौरान सिक्का निर्माताओं के उठाव में आयी तेजी और औद्योगिक मांग निकलने से चाँदी भी 1,940 रुपये की छलांग लगाकर 38,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गयी।



लंदन और न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, गत सप्ताह लंदन का सोना हाजिर 26.35 डॉलर की साप्ताहिक बढ़त के साथ शुक्रवार को सप्ताहांत पर 1,248.55 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। फरवरी का अमेरिकी सोना वायदा भी 26.20 डॉलर चमक कर सप्ताहांत पर 1,254.00 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

बाजार विश्लेषकों ने बताया कि दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर के टूटने से निवेशकों का रुझान पूरे सप्ताह पीली धातु में बढ़ा रहा। अमेरिका के उम्मीद से कमतर रहे रोजगार आंकड़े भी सोने में निवेश को बढ़ावा देने वाले रहे। इस बीच विदेशों में चांदी हाजिर भी 0.43 डॉलर चमककर सप्ताहांत पर 14.158 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गयी।

# महिंद्रा ई-ट्रियो जीरो प्लस इलेक्ट्रिक कार भारत में लॉन्च



नई दिल्ली। कार निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपना और देश का पहला इलेक्ट्रिक ऑटो लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इस ऑटो को ट्रियो नाम दिया है। ट्रियो को चार वेरिएंट्स-ट्रियो एसएफटी, ट्रियो एचआरटी, ट्रियो यारी एसएफटी और ट्रियो यारी एचआरटी में लॉन्च किया गया है। ट्रियो यारी में ड्राइवर समेत 5 लोग बैठ सकते हैं।

ट्रियो फुल-चार्ज- 3 घंटे 50 मिनट

ट्रियो में 7.47 किलोवॉट लीथियम-आयन बैटरी लगी हुई है जो कि 5.4 किलोवॉट की पावर और 30nm का टॉर्क जनरेट करता है।

फुल चार्ज में 130km तक चल सकता है।

ट्रियो यारी फुल चार्ज- 2 घंटे 30 मिनट

ट्रियो यारी रेंज में 3.69 किलोवॉट लिथियम आयन बैटरी लगी है जो कि 2 किलोवॉट का पावर और 17.5nm का टॉर्क जनरेट करता है और इसकी क्षमता 80km तक की है।

ट्रियो की स्पीड 45 किलोमीटर प्रति घंटे है। ट्रियो यारी की स्पीड 24.5km प्रति घंटे है।

महिंद्रा इलेक्ट्रिक ट्रियो पर 24 महीने और 50,000 किलोमीटर की वारंटी दे रही है।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को दिया 323 रनों का टारगेट




नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला एडिलेड ओवल में जारी है। मैच के चौथे दिन भारत की दूसरी पारी 307 रन पर सिमट गई। इसी के साथ ही ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 323 रनों का टारगेट मिला है। भारत के लिए दूसरी पारी में चेतेश्वर पुजारा ने सबसे ज्यादा 71 रन बनाए उनके अलावा अजिंक्य रहाणे ने 70 रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से नाथन लियोन ने सबसे ज्यादा 6 विकेट लिए। मिशेल स्टार्क ने ईशांत शर्मा (0) को एरॉन फिंच के हाथ कैच आउट कराकर भारत की दूसरी पारी को 307 रन पर समेट दिया। अगली ही गेंद पर मोहम्मद शमी (0) भी चलते बने और नाथन लियोन की गेंद पर मार्कस हैरिस को कैच दे बैठे। इस तरह लियोन ने लगातार दो गेंदों पर अजिंक्य रहाणे (70) और मोहम्मद शमी (0) को पवेलियन लौटा दिया।

इसके बाद नाथन लियोन ने अजिंक्य रहाणे को मिशेल स्टार्क के हाथों कैच करा कर अपने पांच विकेट पूरे किए और भारत को आठवां झटका दे दिया।

# विदेशी मुद्रा भंडार सात सप्ताह के उच्चतम स्तर पर



मुंबई (आरएनएस)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 93.28 करोड़ डॉलर बढ़कर सात सप्ताह के उच्चतम स्तर 393.72 अरब डॉलर पर पहुँच गया। इससे पहले 23 नवंबर को समाप्त सप्ताह में यह 79.50 करोड़ डॉलर घटकर 392.79 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार, 30 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 78.79 करोड़ डॉलर की बढ़त के साथ 368.49 अरब डॉलर पर पहुँच गया। इस दौरान स्वर्ण भंडार भी 15.18 करोड़ डॉलर बढ़कर 21.15 अरब डॉलर हो

# ऑस्ट्रेलियाई फैन्स ने विराट के साथ की शर्मनाक हरकत




एडिलेड। टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को जब बल्लेबाजी के लिए मैदान में जा रहे थे तब एडिलेड ओवल स्टेडियम में मौजूद कुछ ऑस्ट्रेलियाई फैन्स ने उनकी जमकर हूटिंग की। लोकेश राहुल के आउट होने के बाद विराट बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। पहली पारी में भी विराट के साथ ऐसा ही कुछ हुआ था।ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड और पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने हालांकि फैन्स की इस हरकत की आलोचना की है। हेड ने कहा, 'वो शानदार बल्लेबाज है और शायद ऐसा खिलाड़ी नहीं है जिसकी हूटिंग की जाए। इसकी जरूरत नहीं थी लेकिन वो फैन्स हैं।' तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि भारतीय टीम ऐसी चीजों को नजरअंदाज करना चाहती है।

# आज का राशिफल

मेषः नए कार्य के लिए दिन अनुकूल है। गूढ़ विद्या तथा रहस्यमय विषयों को जानने-समझने की इच्छा मन में जगेगी। अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखें। स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, खान-पान का ध्यान रखें।

वृषभः दिन के प्रारंभ में आमोद-प्रमोद और मित्रों से भेंट हो सकती है। अचानक किसी अतिथि के आने की संभावना है। पर्यटन या प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोपहर बाद सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं।

मिथुनः आज आपका दिन मनोरंजन और आनंद में बीतेगा। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और मन भी प्रसन्न रहेगा। कार्यालय में सहयोग का वातावरण रहेगा। आपसी सहयोग के कारण सभी काम समय पर निपट जाएंगे।

कर्कः विपरीत परिस्थिति में भी आप परिश्रम पूर्वक कार्य करते रहें, आगे सफलता जरूर मिलेगी। स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, विशेषकर पेट संबंधी समस्या को लेकर सतर्कता बरतें।

सिंहः आज कामकाज में सतर्कता बरतने की सलाह गणेशजी देते हैं। शारीरिक रूप से कुछ अस्वस्थता का अनुभव हो सकता है। मानसिकरूप से भी तनाव महसूस कर सकते हैं।

कन्याः आपको लाभ और भाग्यवृद्धि का योग है। परिजनों से लाभ होगा। संबंधो में प्रेम बना रहेगा। दोपहर बाद किसी बात के कारण मन में चिंता रहेगी, जिससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

तुलाः स्वस्थ्य बिगड़ सकता है और मनसिक बेचैनी सता सकती है। पारिवारिक झगड़े में वाणी पर संयम रखें। नकारात्मक विचारों को त्याग सकारात्मक बनने की कोशिश करें। घर के सदस्यों के साथ सहज भाषा का प्रयोग करें, नहीं तो गलतफहमी हो सकती है।

वृश्चिकः आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। सुख और संतोष का अनुभव होगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्ण समय बीतेगा। आज शुभ समाचार मिलेंगे। दोपहर बाद परिवार में झगड़े का वातावरण बन सकता है।

धनुः स्वजनों से उपहार मिलने से दिन आनंददायी रहेगा। परिवार का वातावरण प्रसन्नता भरा रहेगा। आमोद-प्रमोद के पीछे आप अधिक खर्च करेंगे। स्वभाव में कुछ उग्रता रहेगी।

मकरः आज का दिन व्यवसायियों के लिए लाभदायी है। पुत्र और पत्नी से लाभ होगा। सांसारिक जीवन में सुखद प्रसंग बनेंगे, इससे मन भी खुश रहेगा। दोपहर बाद स्वास्थ्य बिगड़ सकता है और मन में अशांति आ सकती है।

कुंभः आज का दिन लाभकारी है ऐसा गणेशजी कहते हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में आपको लाभ और पदोन्नति की प्राप्ति होगी। आज आपके काम से अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। लंबे समय से अटका पड़ा धन प्राप्त होगा, आय बढ़ेगी। मित्रों से भेंट होगी।

मीनः बौद्धिक तथा उससे संबंधित लेखन कार्य में आज आप सि य रहेंगे। नए कार्य का प्रारंभ कर सकेंगे। लंबे प्रवास तथा धार्मिक यात्रा के योग हैं। किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है।

# वास्तु के अनुसार ही घर पर कराएं पेंट, होगी सुख-समृद्धि में बढ़ोत्तरी

आमतौर पर यह अक्सर सुना गया है कि घर बन जाने के बाद परिवार के लोग इकट्ठा होते हैं और आपस में विचार विमर्श करते हैं कि घर को पेंट करवाने मे किस जगह किस रंग का प्रयोग किया जाय। अजीब बात यह है कि जिसको जो रंग समझ मे आया बता दिया। पेंट्स ने बच्चो कि सलाह मानी और उत्तर में गाढ़ा लाल रंग लगवा दिया। परिणाम यह हुआ कि अच्छा खासा व्यापार था, धीरे धीरे आर्डर ही आने बंद हो गए। पेंट कराने से पहले कुछ बातों का अवश्य ध्यान रखें जिससे हर तरफ से धन वर्षा हो घर में और सुख शांति रहे।



1- उत्तर दिशा जल की है, जल का रंग नीला है ! यहाँ नीले रंग का प्रयोग करें।
2- दक्षिण दिशा अग्नि की है इसलिए यहाँ लाल या गुलाबी रंग शुभ होगा।
3- पूर्व दिशा वायु तत्व की है सामाजिक संपर्क की है यहाँ हरे रंग का प्रयोग करें।
4- पश्चिम दिशा आकाश तत्व की है यहां सफेद या क्रीम कलर का प्रयोग करें।
5- दक्षिण-पश्मिम दिशा पृथ्वी तत्व की है इसलिए यहां पीला रंग का प्रयोग करें।

# हॉकी विश्व कप 2018-19 में कड़ी चेतावनी के चलते मिली पाकिस्तान को राहत

भुवनेश्वर। भुवनेश्वर में चल रहे हॉकी विश्व कप 2018-19 में पाकिस्तान का सफर न ही मैदान के अंदर कुछ खास रहा और न ही मैदान के बाहर। मैदान के बाहर तो पाकिस्तान के पिछले एक दो दिन में कई झटके लगे, लेकिन उन्हें कुछ शर्तों पर इसमें राहत मिल गई है। पहले तो कप्तान मोहम्मद रिजवान को चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था। फिर उसके बाद उपकप्तान अम्माद बट पर प्रतिबंध लगा था और सहायक कोच दानिश के खिलाफ हॉकी इंडिया ने शिकायत दर्ज करवाई थी. इन



झटकों से परेशानी में आई पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने राहत दे दी है.उनके उप कप्तान अम्माद बट को पिछले मैच में मलेशियाई खिलाड़ी पर लापरवाही से भागने के लिए फटकार लगाकर छोड़ दिया है और अब यह खिलाड़ी नेदरलैंड के खिलाफ अहम मैच में खेल सकता है. बट के अलावा टीम के सहायक कोच दानिश कलीम को भी एफआईएच की जांच के बाद फटकार लगाकर छोड़ दिया गया. दानिश पर हॉकी इंडिया सुरक्षा संबंधित प्रोटोकॉल के उल्लंघन का आरोप लगा था.

वह मैदान में बिना एक्रिडिटेशन कार्ड के पाए गए थे. हालांकि पाकिस्तान टीम को राहत चेतावनियों के साथ मिली है. बट पर फैजल सारी के खिलाफ गंभीर मैदानी उल्लघंन के लिए एक मैच का प्रतिबंध लगाया था।

## मुगलई पराठे बनाने की विधि

संडे को सुबह का नाश्ता कुछ स्पेशल होना चाहिए। इसलिए आज हम आपके लिए मुगलई पराठा की रेसिपी लेकर आए हैं, जो बहुत ही स्वादिष्ट और लाजवाब होता है। अगर आप भी रोजाना रोटी और सिंपल पराठा खाकर बोर हो गई हैं तो स्वादिष्ट मुगलई पराठा बना सकती हैं। इसमें अंदर जो मिश्रण डाला जाता है वो बहुत ही स्वादिष्ट होता है और सभी को पसंद भी आता है। चलिए ट्राई करते हैं मुगलई पराठा की रेसिपी :



सामग्री

1 कप गेहूं का आटा
1 कप मैदा
1 कप पानी
1/4 कप दही
50 ग्राम सूजी
1/4 टी स्पून बेकिंग पाउडर
2 टी स्पून घी
1 टी स्पून तेल

विधि :

मुगलई पराठा बनाने के लिए सबसे पहले आटे को छलनी से छान लें। अब एक बर्तन में आटा, सूजी और मैदा को डालकर मिक्स कर लें। आटे के बीच में थोड़ी सी जगह बनाएं और उसमें नमक, बेकिंग सोडा, तेल और दही डालकर सारे मिश्रण को मिक्स कर दें। अब पानी लें और सारे मिश्रण को अच्छे से गूंथ ले। गूंथने के बाद आटे को कुछ देर के लिए ढक कर रख दें।

अब तवा लें और गैस पर गरम करने के लिए रख दें। गुंथा हुआ आटा लें उसमें से एक लोई तोड़ लें। चकला और बेलन की मदद से इसे गोल आकार में बेल लें।


इतना करने के बाद चाकू की मदद से आधा बिच से काट दें और इसी टुकड़े को लेकर पूरे पराठे को फिर से फोल्ड कर दे। अब इसे दोबारा से पराठे के आकार में बेलें।

बेले हुए पराठे को तवे पर डाले और घी लगाकर दोनों तरफ से करारा होने तक सेकें। सभी पराठों को इसी तरह तैयार कर लें। आपके स्वादिष्ट और लाजवाब मुगलई पराठे बनकर तैयार है। इन्हें दही या अचार के साथ गरम-गरम सर्व कर कर सकती हैं।

## शब्द सामर्थ्य-12

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।




### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 11 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

## सू-दोकू-12

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.11 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |